सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा–4

17 मैनुअलों का संग्रह

2017–18

भाग–1

मैनुअल संख्या 1, 2, 3 एवं 4

उत्तराखण्ड शासन

अपर निदेशक,

पशुपालन विभाग, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल
(उत्तराखण्ड)

मैनुअल–1

संगठन की विशिष्टियां, कृत्य एवं कर्तव्य

The Particulars Of its Organization,Function and Duties

मैनुअल–1

विषय सूची

The Particulars Of its Organization, Function and Duties

क्र.सं.	विवरण
1.1	पशुपालन विभाग का इतिहास
1.2	कृत्य एवं कर्तव्य
1.3	विभाग के कार्यकलाप
1.4	ऊन बोर्ड–संगठन के उद्देश्य
1.5	संगठन का मिशन
1.6	संगठन के कर्तव्य
1.7	संगठन के मुख्य कृत्य
1.8	त्रिस्तरीय पंचायतो के कृत्य, दायित्व एवं भूमिका
1.9	लोक प्राधिकरण के कर्तव्य
1.10	बोर्ड का संगठनात्मक ढॉचा

1.1 पशुपालन विभाग का इतिहास

ब्रिटिश सामराज्य द्वारा वर्ष 1892 में सिविल वैटनरी विभाग की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य प्रदेश में अश्व उत्पादन को प्राथमिकता देना था। इसके अन्तर्गत बाबूगढ़ (मेरठ) में एक डिपो खोला गया, जहां सामान्य प्रबन्धक के साथ–साथ प्राथमिक चिकित्सा तथा अश्व प्रदर्शनी मेलों का आयोजन कराया जाता था। इसको प्रभावी बनाने हेतु वर्ष 1901 में सात पशु चिकित्सालयों की स्थापना की गई।

वर्ष 1899 में ग्लाईन्ड एण्ड फारसी तथा 1910 में पशुफार्म मझरा (लखीमपुर) एवं वर्ष 1913 में माधुरीकुण्ड (मथुरा) में स्थापित किये गये पंजाब पशु चिकित्सालय महाविधालय, लाहौर में पशु सम्बन्धी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई।

वर्ष 1916 में पशुपालन कार्य को गति देने के लिए डिप्टी सुपरटेन्डेन्टो के अधीन रखकर तीन सर्किलो को बाटा गया तथा अधीनस्थ कर्मचारियों जिला परिषदों द्वारा उपलब्ध कराये गये डिस्ट्रिक्ट बोर्ड एक्ट 1922 के लागू होने पर कार्यो में आई समस्याओं के फलस्वरूप इसी वर्ष कैटिल ब्रीडिंग कार्य हेतु मझरा फार्म (खीरी) माधुरीकुण्ड फार्म (मथुरा) कृषि विभाग को सौंप दिये गये तांकि बैनीपुर (आगरा) व आटा (जालौन) क्वाराईन स्टेशन खोले गये । वर्ष 1933 में सब–सर्किलो को समाप्त करते हुए वर्ष 1935 में वैटनरी इनवेस्टीगेशन आफिसर नियुक्ति किये गये, पशुप्रजनन का कार्य कृषि विभाग द्वारा संतोषजनक न होने के कारण वर्ष 1939 में यह कार्य सिविल वैटनरी डिर्पाटमैंट को सौंप दिया गया इस प्रकार वर्ष 1944 तक धीरे–धीरे पशु सम्बन्धी कार्य सिविल वेटनरी डिपार्टमैंट को स्थानान्तरित कर दिये गये ।

अविभाजित उत्तर प्रदेश में पशुपालन विभाग की पृथक रूप से स्थापना वर्ष 1944 में की गई थी। इससे पूर्व सिविल वैटनरी डिपार्टमेंट कृषि विभाग द्वारा पशुपालन सम्बन्धी कार्य सम्पादित किये जाते थे। उस समय सिविल डिपार्टमेन्ट मुख्यतः अश्व प्रजनन एवं पशुरोग नियंत्रण कार्य से सम्बन्धित था। कृषि विभाग द्वारा गोवंशीय सांडों की पूर्ति पशुप्रजनन हेतु की जाती थी। बाद में पशुपालन विभाग की पृथक रूप से स्थापना होने पर पशु चिकित्सा, रोग नियंत्रण,पशु प्रजनन एवं चारा विकास आदि कार्यक्रम भी पशुपालन विभाग द्वारा प्रारम्भ किये गये।

वर्ष 1970 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में त्वरित विकास हेतु उप निदेशक, पशुपालन विभाग, कुमायूं मण्डल के पद का सृजन कर पर्वतीय क्षेत्र के सभी योजनाओं/कार्यक्रमों का नियंत्रण एवं संचालन का उत्तरदायित्व सौंपा। विभिन्न योजनाओं में समन्वय एवं संचालन हेतु निम्नानुसार प्रशासनिक व्यवस्था की गई।

1– अपर निदेशक	–	1 पद
2– संयुक्त निदेशक	–	1 पद
3– मण्डलीय चारा विकास अधिकारी	–	1 पद
4– सहायक लेखाधिकारी	–	1 पद
5– मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	–	1 पद
6– वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	–	1 पद

1.2 कृत्य एवं कर्तव्य

कार्यालयाध्यक्ष स्तर पर–

पशुपालन विभाग की स्थापना जनपदों में श्वेत क्रान्ति एवं पालतू पशुओं के विकास की दृष्टि को मध्यनजर रखते हुए की गई है। पूर्व में उत्तर प्रदेश शासन के अधीन विभाग कार्यरत था। वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना हो जाने के फलस्वरूप पशुपालन विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है। वर्तमान में विभाग में राज्य स्तर पर निदेशक, मण्डल स्तर पर अपर निदेशक एवं जनपद स्तर पर मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी तथा विकास खण्ड स्तर पर पशुचिकित्सा अधिकारी गेड–1 एवं अन्य पशुचिकित्सालयों में पशुचिकित्सा अधिकारी ग्रेड–2 एवं अधिक पशुधन वाले क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर पशुधन प्रसार अधिकारी कार्यरत है।

क.सं0	संस्था का नाम	नैनीताल	उ0सि0 नगर	अल्मोड़ा	बागेश्वर	पिथौरागढ़	चम्पावत	मण्डल का योग
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**
1	पशु चिकित्सालय	28	22	37	10	31	13	**141**
2	सचल पशु चिकित्सालय	1	1	1	1	1	1	**6**
3	पशु सेवा केन्द्र	94	71	98	33	61	23	**380**
4	कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	100	97	83	21	44	28	**373**
5	'द' श्रेणी औषधालय	2	2	1	1	–	–	**6**
6	भेड़ प्रक्षेत्र	–	–	–	2	2	–	**4**
7	कुक्कुट प्रक्षेत्र	–	1	1	–	1	–	**3**
8	सूकर प्रक्षेत्र	–	1	–	–	–	–	**1**
9	अंगोरा शशक प्रक्षेत्र	–	–	–	–	–	1	**1**
10	भेड़ एवं ऊन प्रसार /मेढा केंद्र	–	–	3	9	18	–	**30**
11	अश्व सांड केन्द्र	1	–	–	–	–	–	**1**
12	पशुप्रजनन प्रक्षेत्र	–	–	–	–	–	1	**1**
13	चारा अनुसंधान प्रक्षेत्र	–	–	1	–	–	–	**1**
14	बहुद्देशीय सेवा केन्द्र	–	–	–	–	1	–	**1**
15	क्वारन टाईन केन्द्र	–	–	–	–	–	1	**1**
16	सघन कुक्कुट विकास प्रायोजना	1	–	1	–	1	–	**3**
17	कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला	–	1	–	–	–	–	**1**
18	मण्डलीय प्रयोगशाला	–	–	1	–	–	–	**1**
19	पशु शल्य चिकित्सा केन्द्र	–	1	–	–	1	1	**3**
20	ऊन शियरिंग एण्ड ग्रेडिंग सेन्टर	1	–	–	2	4	1	**8**

1.3 विभाग के कार्यकलाप–

1–पशु चिकित्सा एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम –

पशुओं की उत्पादन क्षमता का समुचित लाभ प्राप्त करने के लिए उनको स्वस्थ्य रखना परम आवश्यक है। पशुओं के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं रोग नियंत्रण हेतु विभिन्न सुविधायें उपलब्ध हैं। मण्डल के अन्तर्गत जनपद नैनीताल/उधमसिंहनगर/अल्मोड़ा/बागेश्वर/पिथौरागढ़ एवं चम्पावत में वर्तमान में 141 पशु चिकित्सालय तथा 6 सचल पशुचिकित्सालय कार्यरत हैं। मण्डल स्तर पर विभिन्न रोगों की जांच एवं उसके तत्काल निदान हेतु एक रोग निदान प्रयोगशाला रूद्रपुर जनपद उधमसिंहनगर तथा एक मण्डलीय प्रयोगशाला, हवालबाग जनपद अल्मोड़ा में कार्यरत है। पशुओं में महामारी की रोगथाम तथा उनकी सुरक्षा के लिए समय–समय पर गलाघोटू, लंगड़िया,पी.पी.आर.,एफ.एम.डी.,बी.क्यू, आर.डी. ,एफ.पी.,एन्थैक्स आदि रोगों के निवारण हेतु टीके लगाये जाते हैं।

2–पशु विकास कार्यक्रम–

पशुविकास कार्यक्रम का मूल उद्देश्य मण्डल में उपलब्ध गाय एवं भैंसों की नस्ल सुधार कर उनकी उत्पादकता एवं उत्पादन क्षमता में तीव्रगति से वृद्वि करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु उत्तराखण्ड लाइव स्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड की स्थापना केन्द्र सरकार की शतप्रतिशत सहायता से की जा चुकी है। जुलाई, 2002 में बोर्ड द्वारा अपना कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

3–कुक्कुट विकास–

अण्डा एवं कुक्कुट मांस की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने हेतु वृहद प्रयास किये जा रहें हैं। वर्तमान में मण्डल में 3 कुक्कुट प्रक्षेत्र क्रमशः हवालबाग (अल्मोड़ा), विण (पिथौरागढ) एवं रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) में कार्यरत हैं। विण, पिथौरागढ़ का सुदृढीकरण (भारत सरकार की 80 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत) कर कायलर प्रजाति के 1500 कुक्कुट पक्षियों का पैरेन्ट स्टॉक व्यवस्थित करने के उपरान्त उनकी एक दिवसीय कुक्कुट पक्षियों का उत्पादन कर, ग्रामीण क्षेत्र के गरीबी रेखा से जीवन यापन करने वाले परिवारों की आर्थिक दशा में सुधार लाने हेतु वितरित कर बैकयार्ड कुक्कुट इकाईयां स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

4–भेड़ एवं ऊन विकास कार्यक्रम–

मण्डल में भेड़ पालन का स्थान भौगोलिक एवं व्यवसायिक दृष्टि परख है। जनपद बागेश्वर में 2 भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र एवं जनपद पिथौरागढ में 2 भेड़ प्रक्षेत्र कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त जनपद अल्मोड़ा में 3, बागेश्वर में 9, जनपद पिथौरागढ में 18 भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्र कार्यरत हैं। जहां पर शुद्व एवं क्रास ब्रीड मेढ़ा एवं भेड़े व्यवस्थित की गई हैं तथा ऋतुकाल में मेढ़ो के माध्यम से भेड़ पालकों के भेड़ों को प्रजनन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

इनब्रीडिंग को रोकने हेतु विभिन्न जनपदों को प्रजनन योग्य मेढ़े उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लीती (बागेश्वर) एवं पांगू (पिथौरागढ़) में मेढ़ा पालन इकाई स्थापित किया गया है।

5–अंगोरा शशक पालन–

अंगोरा शशक पालन हेतु पर्वतीय क्षेत्र के 4500 से 5000 फीट ऊंचाई बहुत अनुकूल है। वर्तमान में इस कार्य को बढ़ावा देने के लिए जनपद चम्पावत में 1 अंगोरा प्रक्षेत्र कार्यरत है। जहां पर इच्छुक उद्यामियें को शशक पालन प्रशिक्षण एवं शशक शावक उपलब्ध कराई जाती है।

6– बकरी पालन/भेड़ पालन/गौ पालन योजना–

राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत वर्ष 2018–19 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु बकरी पालन इकाई हेतु रू0 100.80 लाख की धनराशि प्राप्त हुई, जिसके अन्तर्गत 160 बकरी पालन युनिटों, भेड़पालन इकाईयों हेतु रू0 8.82 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है, जिसके सापेक्ष 14 यूनिटें एवं गौपालन हेतु रू0 108.00 लाख की धनराशि प्राप्त हुई जिसके सापेक्ष 300 यूनिटें स्थापित कर कुल 303 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवारों को लाभान्वित किया गया।

1.4 ऊन बोर्ड संगठन के उद्देश्य –

उत्तराखण्ड भेड़ एवं ऊन विकास बोर्ड के उद्देश्य निम्नवत हैं–

- उत्तराखण्ड में भेड़ों की मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम के माध्यम से सहयोग देना।
- उत्तराखण्ड में भेड़ों की बीमारियों की रोकथाम हेतु टीकाकरण कार्यक्रम।
- उत्तराखण्ड के भेड़ पालकों की भेड़ों में नस्ल सुधार कार्यक्रम को बढ़ावा देना।
- उत्तराखण्ड के भेड़ पालकों के जीवन स्तर को सुधारने में सहयोग देना।
- उत्तराचंल के भेड़ पालकों द्वारा उत्पादित उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने में सहयोग करना।
- उत्तराचंल के भेड़ पालकों को भेड़ पालन कार्यक्रम में नई तकनीकों की जानकारी प्रदान करना।
- उत्तराखण्ड के भेड़ पालकों को भेड़ पालन व्यवसाय के प्रति जागरूक करना है।
- उत्तराखण्ड के भेड़ पालकों के स्वयं सहायता समूह/संगठन/समितियां बनाने में सहयोग देना।
- उत्तराचंल में भेड़ों की संख्या में आ रही कमी को रोकने हेतु विभिन्न विभागों के माध्यम से लाभकारी योजनायें तैयार करना।
- उत्तराखण्ड में हथकरघा तथा विभिन्न प्रकार के उघोगों को तलासने /स्थापना के प्रति तकनीकी सहायता प्रदान करने में सहयोग करना।

1.5 संगठन का मिशन–

उत्तराखण्ड राज्य में भेड़ बकरी एवं शशक पालन को सघन रूप से विकसित करने राज्य के ग्रामवासियों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु अवसर प्रदान करना है।

1.6 संगठन के कर्तव्य–

उत्तराखण्ड शीप एण्ड वूल डैवलेपमेन्ट बोर्ड का मिशन निम्नवत है–

- भेड़ों की मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम।
- भेड़ों की बीमारियों की रोकथाम हेतु टीकाकरण कार्यक्रम।
- भेड़ पालकों की भेड़ों में नस्ल सुधार कार्यक्रम।
- भेड़ पालकों के जीवन स्तर को सुधारने में सहयोग देना।
- भेड़ पालकों द्वारा उत्पादित उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने में सहयोग करना।
- भेड़ पालकों को भेड़ पालन कार्यक्रम में नई तकनीकों की जानकारी प्रदान करना
- भेड़ पालकों को भेड़ पालन व्यवसाय के प्रति जागरूक करना है।
- भेड़ पालकों के स्वयं सहायता समूह/संगठन/समितियां बनाने में सहयोग देना।
- भेड़ों की संख्या में आ रही कमी को रोकने हेतु विभिन्न विभागों के माध्यम से लाभकारी योजनायें तैयार करना।
- हथकरघा तथा विभिन्न प्रकार के उघोगों को तलाशने/स्थापना के प्रति तकनीकी सहायता प्रदान करने में सहयोग करना।

1.7 संगठन के मुख्य कृत्य–

1– चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम

2– नस्ल सुधार कार्यक्रम

3– उत्पादकता विकास कार्यक्रम

3.1 भेड़ों को ऊन करतन से पूर्व नहलाया जाना

3.2 ऊन की ग्रेडिंग

3.3 मशीन द्वारा ऊन करतन

4 उत्पादित होने वाली ऊन के विपणन में सहायता

5 प्रशिक्षण कार्यक्रम

6 बहुदेशीय सेवा केन्द्रों की स्थापना

7 संगठन द्वारा प्रदत्त सेवाओं की सूची एवं उनका संक्षिप्त विवरण–

उत्तराखण्ड शीप एण्ड वूल डेवलपमेन्ट बोर्ड द्वारा वर्ष 2004–05 में निम्नलिखित कार्यक्रम सम्पादित किये गये –

1– चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम–

भेड़ों में दवापान/दवास्नान/चिकित्सा/बधियाकरण/टीकाकरण आदि की सुविधायें प्रदान की गई हैं

2– नस्ल सुधार कार्यक्रम –

प्रगतिशील भेड़ पालकों को उनकी भेड़ों में प्रजनन हेतु निःशुल्क मेढ़ों का वितरण मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों के माध्यम से किया जाता है ।

3– उत्पादकता विकास कार्यक्रम–

निम्नलिखित कार्यक्रमों को विभाग द्वारा सम्पादित कराया जाता है

3.1 भेड़ों को ऊन करतन से पूर्व नहलाया जाना ।

3.2 ऊन की ग्रेडिंग

3.3 मशीन द्वारा ऊन कतरन

4 उत्पादित होने वाले ऊन के विपणन में सहायता

5 प्रशिक्षण कार्यक्रम

6 बहुदेशीय सेवा केन्द्रों की स्थापना

7 संगठन का संक्षिप्त इतिहास और इसके गठन का प्रसंग–

उत्तराखण्ड एक कृषि प्रधान राज्य है, जिसका उदय देश के 27वें राज्य के रूप में 9 नवम्बर, 2000 को हुआ। उत्तराखण्ड राज्य का कुल क्षेत्रफल 53483 वर्ग किमी. है। वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर उत्तराखण्ड राज्य की जनसंख्या 8479562 है। जिसमें से 13971 भेड़ पालक हैं। वर्ष 2003 की 17वीं पशुगणना के आधार पर इन भेड़ पालकों के पास मेढ़ों की संख्या 2.95 लाख है ।

0 भेड़ों की संख्या में विगत वर्षो से निरन्तर कमी आ रही है, जिसके प्रमुख कारण निम्नवत है –

0 भेड़ पालकों का आधुनिक सुख सुविधाओं के कारण व्यवसाय से पलायन

0 रोजगार साधनों का विविधीकरण

0 भेड़ पालकों के उत्पादन का उचित मूल्य प्राप्त न होना

0 भेड़ पालन कार्य कठिन श्रम का होना

0 पारम्परिक भेड़ पालकों में शिक्षा का व्यापक प्रसार होने के कारण इस कार्य में कम येागदान देना।

0 बुग्यालों की स्थिति में उत्तरोत्तर गिरावट आना।

0 वन अधिनियम के लागू होने से चरान–चुगान क्षेत्रों को प्रतिबंधित करना

0 भेड़ पालन कार्यक्रम को एकीकृत रूप से विकसित करने तथा भेड़ पालकों को भेड़ पालन कार्यक्रम में प्रोत्साहित करने के उददेश्य को ध्यान में रखते हुए। यू0एस.डब्लू.डी0बी0 की स्थापना की गई ।

0 यू0एस0डब्लू0डी0बी0 की स्थापना –भेड़ पालकों की विभिन्न प्रकार की समस्यायें तथा उनकी मांग को दृष्टिगत रखते हुए यू0एस0डब्लू0डी0बी0 का गठन शासनादेश संख्या 568/प0म0दु0उ0वि0बो0/2003 दिनांक 29.10.2003 के माध्यम से करते हुए इसका पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम संख्या 21,1860 के अधीन संख्या 1988 दिनांक 31.10.2003 के द्वारा किया गया ।

0 संगठन के विभिन्न स्तर पर संगठनात्मक ढांचा–

बोर्ड का संगठनात्मक ढांचा– उत्तराखण्ड भेड़ एवं ऊन विकास बोर्ड की गवर्निंग बॉडी

1.	मा0पशुपालन मंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन (पदेन) –	अध्यक्ष
2.	प्रमुख सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन (पदेन) –	उपाध्यक्ष
3.	प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन –	सदस्य
4.	सचिव, उद्योग, उत्तराखण्ड शासन (पदेन) –	सदस्य
5.	सचिव, वन पर्यावरण एवं जलागम, उत्तराखण्ड शासन (पदेन)	सदस्य
6.	कार्यकारी निदेशक, केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार (पदेन) –	सदस्य
7.	अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन (पदेन) –	सदस्य
8.	अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उत्तराखण्ड (पदेन) –	सदस्य
9.	प्रबन्ध निदेशक, गढ़वाल मण्डल विकास निगम, देहरादून (पदेन) –	सदस्य
10.	अधिष्ठाता, गोविन्द बल्लभ पन्त, कृषि विश्व विद्यालय, रानीचौरी, टिहरी (पदेन) –	सदस्य
11.	मुख्य अधिशासी अधिकारी, हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद, देहरादून (पदेन)–	सदस्य
12.	निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड (पदेन) –	सदस्य
13.	निदेशक, समाज कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड (पदेन) –	सदस्य
14.	मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू0एल0डी0बी0, देहरादून (पदेन) –	सदस्य
15.	निदेशक, हाईफीड, रानीचौरा टिहरी गढ़वाल (पदेन) –	सदस्य
16.	वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबन्धक, उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद, देहरादून (पदेन) –	सदस्य
17.	भेड़–बकरी पालन कार्यक्रम के विशेषज्ञ सेवानिवृत्त अधिकारी/वैज्ञानिक –	सदस्य
18.	जनपद उत्तकाशी/चमोली/पिथौरागढ़/बागेश्वर/टिहरी गढ़वाल/पौड़ी/अल्मोड़ा रूद्रप्रयाग/देहरादून से एक–एक प्रगतिशील भेड़पालक राज्य सरकार द्वारा नामित –	09 सदस्य
19.	मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू0एस0डब्ल्यू0डी0बी0, देहरादून (पदेन) –	सदस्य/सचिव

0 उत्तराखण्ड भेड़ एवं ऊन विकास बोर्ड की अधिशासी कमेटी–

1.	प्रमुख सचित, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन (पदेन) –	अध्यक्ष
2.	अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन (पदेन) –	उपाध्यक्ष
3.	निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड (पदेन) –	सदस्य
4.	मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू0एल0डी0बी0, देहरादून (पदेन) –	सदस्य
5.	निदेशक, उद्योग विभाग, उत्तराखण्ड –	सदस्य
6.	प्रबन्ध निदेशक, गढ़वाल मण्डल विकास निगम, देहरादून (पदेन) –	सदस्य
7.	निदेशक, समाज कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड –	सदस्य
8.	महाप्रबन्धक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, देहरादून –	सदस्य
9.	वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबन्धक, उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद, उत्तराखण्ड –	सदस्य
10.	मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू0एस0डब्ल्यू0डी0बी0, देहरादून (पदेन) –	सदस्य/सचिव

परिशिष्ट–1

1.8 त्रिस्तरीय पंचायतों के कृत्य,दायित्व एवं भूमिका

1–राज्य स्तर–

1–पशु चिकित्सा सम्बन्धी नीति का निर्धारण।
2–पशु सम्पदा जिसमें कुक्कुट, डेयरी भी शामिल है के, विकास के सम्बन्ध में भावी योजना तैयार करना।
3–नस्ल सुधार के सन्दर्भ में अनुसंधान कराना व उसे प्रोन्नति करना।
4–विस्तार कार्यक्रमों की प्रोन्नति, ऋण वितरण व अनुसंधान हेतु निजी क्षेत्र, गैर सरकारी एजेन्सी व अनुसंधान की भागीदारी का प्रयास करना।
5–पशुधन विकास के माध्यम से रोजगार सृजन व गरीबी उन्मूलन गतिविधियों को बढ़ावा व प्रोन्नत करना।
6–पशुधन उत्पादन, प्रसंस्करण व विपणन की स्थापना व विस्तार हेतु निजी क्षेत्र को प्रोत्साहि करना।
7–पशु चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु संस्थाओं की स्थापना एवं प्रोन्नति करना।
8–हड्डी, चर्म तथा अन्य पशु उत्पादों के उत्पादन व प्रसंस्करण की प्रोन्नति करना।
9–मांस कुक्कुट,अण्डा, हड्डी तथा अन्य पशु उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करना।
10–घास क्षेत्रों के विकास व पशु चारा एवं संतुलित पशु आहार के उत्पादन के कार्यक्रमों की प्रोन्नति हेतु नीती निर्धारण करना।

2–जिला पंचातय स्तर –

1–जनपद हेतु पशुपालन हेतु योजनायें तैयार करना
2–पशु चिकित्सालयों की स्थापना, रख–रखाव एवं प्रबन्धन
3–मध्य श्रेणी के पशु चिकित्सालयों व डिस्पेन्सरी की स्थापना, रखरखाव व प्रबन्धन
4–कृत्रिम गर्भाधान व अन्य साधनों से गोधन, कुक्कुट एवं अन्य पशुओं की नस्ल सुधार करना
5–डेयरी, कुक्कुट एवं सुकर पालन के विकास को प्रोत्साहित करना
6–पशुओं में खुरपका–मुहपका रोगों सहित संक्रामक रोगों, महामारी का निवारण तथा नियंत्रण
7–संतुलित आहार चारा व घास क्षेत्रों का विकास
8–कृषकों, पशुपालकों एवं अन्य उपभोगता समुदाय का प्रशिक्षण ।
9–हड्डी, चर्म व पशु उत्पादों को प्रसंस्करण हेतु केन्द्र की स्थापना व उन्हें प्रोन्नति करना
10–नस्ल सुधार,चारा व पशु आहार के कार्यक्रम के नियोजन अनुसंधान एवं विपणन हेतु निजी क्षेत्र की सस्थाओं व गैर–सरकारी एजेन्सियों को सम्बन्ध करना ।
11–पशुनस्ल सुधार प्रक्षेत्रों के कार्यकलापों का परिवेक्षण तथा सांड एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध कराना
12–बकरी, भेड़ एवं सुकर पालन प्रक्षेत्रों का विकास एवं प्रोन्नति ।
13–पशुपालन से सम्बन्धित योजनाओं का प्रचार प्रसार ।
14–जिला परिषद में निहित सम्पत्तियों एवं भवनों का अनुरक्षण ।

3–क्षेत्रीय पंचायत स्तर

1–क्षेत्र पंचायतों को अभ्यर्पित समस्त कार्यक्रम का कार्यान्वयन

2– ग्राम पंचायतों का पर्यवेक्षण व जिला पंचायतों की आख्या

3– ग्राम पंचायत द्वारा संस्तुति स्थल व लाभार्थियों को सामग्री वितरण हेतु चयन

4– प्राकृतिक पशु पालन केन्द्रों का नियोजन तथा अनुश्रवण

5– कार्यक्रमों का कार्यान्वयन यथाः

1–पशु चिकित्सा एवं पशु संपदा के विकास, सेवाओं व पशुसेवा केन्द्रों का रख रखाव एवं प्रबन्धन

2–पशुओं एवं कुक्कुटों में महामारी व छूत के रोगों का निवारण एवं नियंत्रण

3–सघन पशु विकास कार्यक्रम

4–विकसित चारा एवं घास के उत्पादन की प्रोन्नति

5– क्षेत्रीय पंचायतों में निहित परिसम्पत्तियों एवं भवनों का रख रखाव

4– ग्राम पंचायत स्तर

1– डेयरी, कुक्कुट व सूकर से सम्बन्धित पशु पालन कार्यक्रमों का कार्यान्वयन।

2– पशु, कुक्कुट तथा अन्य पशु सम्पदा के नस्ल सुधार कार्यक्रम।

3– जनता के सहयोग से सार्वजनिक तराई क्षेत्र का विकास एवं रख रखाव।

4– पशुओं में महामारी व छूत रोगों के निवारण व नियंत्रण में सहायता करना।

5– पशु गृहों, सदनों की स्थापना तथा छुट्टा पशु के नियंत्रण हेतु प्रयास करना।

6– पशु कंकालों के एकत्रीकरण व उपयोग हेतु केन्द्रों की स्थापना।

7– ग्राम पंचायत में निहित सम्पत्तियों एवं भवनों का रख रखाव।

8– चारा विकास सार्वजनिक चारागाहों का रख रखाव तथा उसके दुरुपयोग का नियंत्रण व वाधाओं का निवारण ।

1.9 लोक प्राधिकरण के कर्तव्य–

उत्तराखण्ड राज्य के पशुओं के कल्याण एवं उन पर हो रहे अत्याचार/क्रूरता को रोकने, पालतू पशुओं को अनुत्पादक होने पर लावारिस हालत में छोडे जाने पर संरक्षण दिलाने एवं वन्य जीवों पर होने वाले अत्याचारों/अनावश्यक पीड़ा यातना से रोकने तथा पशुओं की दशा सुधारने हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशन एवं भारत सरकार के संसद द्वारा पारित, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 (संशोधित 1982) के अधीन उत्तराखण्ड राज्य पशु कल्याण बोर्ड का गठन 23–11–2004 को किया गया।

2–अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति, शक्तियां और कर्तव्य के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी किया जाना प्रस्तावित है।

3–शासन द्वारा समय समय पर शासनादेश/उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कार्यवाही अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के माध्यम से पशु पालन विभाग के कार्मिकों द्वारा कार्यवाही सम्पन्न की जा रही है ।वर्तमान में अभिलेख के रुप में स्टाक बुक, पत्र प्रेषण, प्राप्ति पंजिका, उपस्थिति, परिषदीय कार्यक्रम ,मांग व आपूर्ति, सुझाव, शिकायत्र आगन्तुक, बजट, योजना, दैनिक आदेश पंजिकाएं तथा सम्बन्धित पत्रावलियां कार्यालय उपयोग संधारित की जा रही है।

4–राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन के अधीन नियम/नीति बनाने/क्रियान्वयन करवाने का अधिकार बोर्ड को नियत है।

5–वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं सचिव पशु पालन विभाग/पदेन सचिव राज्य पशु कल्याण बोर्ड उत्तराखण्ड सरकार तथा पशुपालन विभाग के कार्मिक।

6–वर्तमान राज्य स्तर पर पशु कल्याण बोर्ड उत्तराखण्ड, जनपद स्तर पर पशु क्रूरता निवारण समितियां गठित है उनकी बैठकों का कार्यवृत जनता में पहंचाने के उद्येश्य से बैठकों का कार्यवृत समाचर पत्रों में प्रकाशित किया जाता है।

7–वर्तमान में कार्यकारी अध्यक्ष/उपाध्यक्ष तथा सचिव पशुपालन विभाग/पदेन सचिव पशुकल्याण बोर्ड उत्तराखण्ड सरकार या सरकार/बोर्ड द्वारा प्राधिकृत अन्य कार्यवाही प्रस्तावित है ।

8–वर्तमान में निर्णय लेने का अधिकार बोर्ड व सरकार को है ।

9–वर्तमान में पशुपालन विभाग के अनुसार कार्यवाही।

10–वर्तमान में पशुपालन विभाग के विभागीय नियमों के तहत कार्मिको को सुंविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। भविष्य में बोर्ड द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव प्रस्तावित है।

11–वर्तमान में कार्यकारी अध्यक्ष/उपाध्यक्षा की मांग/आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2004–05 में रू0 2.80 तथा 2005–06 में रू0 3.55 लाख बजट प्राप्त हुआ।

12–शून्य– प्रकरण पर प्रस्ताव प्रस्तावित।

13–संबंधित प्रकरणों पर प्रस्ताव प्रस्तावित।

14–प्रस्ताव प्रस्तावित ।

15–वर्तमान में व्यवस्था नहीं है, भविष्य हेतु प्रस्ताव प्रस्तावित ।

16–सूचना कार्यकारी अध्यक्ष /उपाध्यक्ष तथा सचिव पशु पालन विभाग।

17–बोर्ड का गठन कुछ समय पहले ही किया गया गया है, इसके वायंलाज/कार्मिकों की आचार संहिता/वित्तीय व्यवस्था आदि ।

लोक प्राधिकरण के मुख्य कर्तव्य–

क–जीव–जन्तुओं के प्रति क्रूरूता निवारण हेतु भारत में प्रवृत्त विधि का अध्ययन करता रहे और ऐसी किसी विधि में समय–समय पर किये जाने वाले संशोधनों की बावत राज्य सरकार को सलाह दे ।

ख–जीव जन्तुओं को सामान्यतया या विशिष्टतया जब वे एक स्थान से दूसरे स्थान के लिए परिवहन किये जा रहें हों या जब से अभिनयकर्ता जीव–जन्तु के रूप में प्रयुक्त किये जा रहें हों या जब से वे बन्धन या प्रतिरोध में रखे गये हों तब अनावश्यक पीड़ा या यातना से बचाने की दृष्टि से इस नियम के अधीन नियम बनाने बावत राज्य सरकार को सहाल दें ।

ग–भारवाही जीव–जन्तुओं पर भार कम करने के लिए यानों के डिजायनों में सुधार हेतु सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी या व्यक्ति को सलाह दें।

घ–शेडों, जलनादों और तदूप चीजों का सन्निर्माण प्रोत्साहित या उपबन्धित करने, जीव–जन्तुओं के लिए पशु चिकित्सा सहायता उपबन्धित करने,पशुओं की बेहतरी के लिए उपाय करने हेतु जैसा बोर्ड ठीक समझे वैसा उपाय करे।

ड़–बधालयों के डिजायन या बधालयों को चलाने या जीव जन्तुओं के बध के सम्बन्ध में सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी या अन्य व्यक्ति को सलाह दें तांकि जहां तक सम्भव हो पशुओं को बध से पहले के कार्यक्रम में अनावश्यक शारीरिक या मानसिक पीड़ा न हो जहां कहीं जीव–जन्तुओं को मार देना आवश्यक हो वहां यथासम्भव मानवोचित रीति से किया जाय।

च–जब कभी अवांछनीय जीव–जन्तु को नष्ट किया जाना आवश्यक हो तो ऐसी स्थिति में स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा या तो तुरन्त किया जाय या जीव–जन्तु को अचेत करके किया जाय या बोर्ड जैसा उचित समझे वैसा उपाय करें।

2.6 लोक प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाओं की सूची एवं उनका संक्षिप्त विवरण।

2.7–लोक प्राधिकरण के विभिन्न स्तरों (शासन, निदेशालय, क्षेत्र, जिला, ब्लाक आदि) पर संगठनात्मक ढांचा (जहां लागू हो) ।

बोर्ड का संगठनात्मक ढांचा–यू.एस.पी.बी.का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत है–

1–	माननीय मंत्री महोदय पशुधन एवं मत्स्य, उत्तराखण्ड	प्रदेश अध्यक्ष
2–	राज्य सरकार द्वारा नामित(पशुकल्याण के आधार पर)	उपाध्यक्ष
3–	सचिव/अपर सचिव पशुधन एवं मत्स्य, उत्तराखण्ड शासन	पदेन सचिव
4–	निदेशक पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड	सदस्य
5–	मुख्य वन जीव संरक्षक, उत्तराखण्ड	सदस्य
6–	गौ–शाला के दस चयनित प्रतिनिधि(राज्य सरकार द्वारा)	सदस्य
7–	पांच पशु प्रेमी(राज्य सरकार द्वारा नामित)	सदस्य
8–	समाज सेवा संस्थाओं के "दो" सदस्य जो पशुकल्या का कार्य कर रहें है (राज्य सरकार द्वारा नामित)	सदस्य
9–	प्रमुख सचिव, गृह उत्तराखण्ड शासन	सदस्य
10–	निदेशक, स्थानीय निकाय उत्तराखण्ड राज्य	सदस्य
11–	जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तराखण्ड का एक प्रतिनिधि (राज्य सरकार द्वारा नामित)	सदस्य
12–	विधान सभा के दो माननीय विधायक(राज्य सरकार द्वारा नामित)	सदस्य
13–	सेवानिवृत न्यायाधीश,न्यायिक सेवा/प्रशासनिक सेवा से जुड़े दो प्रतिनिधि(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा नामित सदस्य)	सदस्य

14– लोक प्राधिकारण की कार्यदक्षता बढ़ाने हेतु जनसहयोग की अपेक्षायें

15– जनसहायोग सुनिश्चित करने के लिए विधि/व्यवस्था

16– जन सेवाओं के अनुश्रवण एवं शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था

17– मुख्य कार्यालय तथा विभिन्न स्तरों पर कार्यालयों के पते (कृपया पतों का जनपदवार वर्गीकरण करें)

मण्डल स्तर	जिला स्तर पर
अपर निदेशक	मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

18–कार्यालय खुलने का समय– प्रातः 10 बजे

कार्यालय बन्द होने का समय–अपरान्ह– 5 बजे

मैनुअल–2

अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियां और कर्तव्य

The Power of its officers and employees

मैनुअल–2

क्र0सं0	विवरण
2.1	अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशासनिक शक्तियो का विवरण
2.2	वित्तीय शक्तियां
2.3	अपर निदेशक कार्यालय के कर्तव्य का विवरण

2.1 अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशासनिक शक्तियो का विवरण

क्रसं.	मद	अधिकार	वर्तमान अधिकारी जो आदेश का प्रयोग कर रहें हैं	अधिकारी पदनाम जिसे अधिकार प्रतिनिधित्व किये जाने का प्रस्ताव है
1	नियुक्ति	वेतनमान 5200–20200+ ग्रेड पे – 1800, 1900, 2000 के समस्त समूह घ एवं ग के वेतनमानों में नियुक्ति अधिकार सातवें वेतन आयोग के अनुसार उपरोक्त ग्रेडवेतन में अनुमन्य वेतन मैट्रिक्स के अनुसार वेतनमान क्रमशः रु0 18000–56900, 19900–63200, 21700–69100	मण्डलीय अपर निदेशक	–
2	अवकाश(भैषजिक अवकाश)/उपार्जित अवकाश समूह–ख	30 दिन का उपार्जित/भैषजिक/बाल्य देखभाल अवकाश/पितृत्व अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार	मण्डलीय अपर निदेशक	–
3	अवकाश (भैषजिक अवकाश)/उपार्जित अवकाश /चिकित्सा अवकाश समूह–ग–घ	उपार्जित/भैषजिक/बाल्य देखभाल अवकाश/पितृत्व अवकाश	मु0प0चि0अ0	संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों ग एवं घ के उपरोक्त अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार कार्यालयाध्यक्ष का है

2.2 वित्तीय शक्तियां–

शासनादेश संख्या 61/xxvii(7)36/2017 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 के अनुसार विभागाध्यक्ष एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयाध्यक्षों को प्राप्त वित्तीय अधिकार निम्न प्रकार प्रदत्त हैं–

क्र. सं.	मद	विभागाध्यक्ष	कार्यालयाध्यक्ष
	आकस्मिक एवं अन्य प्रकीर्ण व्यय		
1	सामान्य व्यय के प्रत्येक मामले में यथा, लेखन सामग्री, गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोली की खरीद तथा कम्प्यूटर स्टेशनरी, कार्यालय व्यय आदि का क्रय	पूर्ण अधिकार	सामग्री क्रय हेतु एक बार में रू0 2,50,000.00 तक
2	चिकित्सा पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति	किसी एक कार्मिक/पेंशनर के मामले में रू0 500000.00 की सीमा तक	किसी एक कार्मिक/पेंशनर के मामले में रू0 1,50,000.00 की सीमा तक
3	कम्प्यूटर उपकरण एवं उपस्कर, फोटोकॉपियर, वाटर कूलर, प्यूरीफायर, ए0सी0आदि उपकरणों का वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध किया जाना	पूर्ण अधिकार	एक समय में रू0 15000.00 की सीमा के अन्तर्गत तथा एक वर्ष में रू0 100000.00 की सीमा तक
	पुस्तकें, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, नक्शे तथा अन्य प्रकाशन		
1	अपने कार्यालय अथवा उनके अधीनस्थ कार्यालयों के प्रयोग के लिए पुस्तकें, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, नक्शे एवं अन्य प्रकाशन का क्रय	पूर्ण अधिकार	एक वर्ष में रू0 15000.00 तक (गैर तकनीकी पत्रिकाओं को छोड़कर)
	विज्ञापन व्यय		
1	निजी मुद्राणयों से पंजीयत/अपंजीयत प्रपत्रों व अन्य आवश्यक कार्यों जैसे (नक्शे, नोटिस आदि) का मुद्रण करना	प्रत्येक मामले में रू0 20000.00 तक	प्रत्येक मामले में रू0 10000.00
	भूमि, भवन और किराया		
1	गोदामों का किराया	प्रत्येक मामले में रू0 20000.00 प्रतिमाह तक	प्रत्येक मामले में रू0 5000.00 प्रतिमाह तक (टाउन एरिया/नोटिफाइड एरिया एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किराये की दर का अनुमोदन जिला अधिकारी का होगा परन्तु किराये का औचित्य प्रमाण पत्र जारी करने के लिए परगना अधिकारी अधिकृत होंगे

ठेके और टेण्डर			
1	छोटे निर्माण कार्यों (पेटी वर्क्स) के निष्पादन	प्रत्येक मामले में रू0 500000.00 तक	प्रत्येक मामले में रू0 150000.00
निष्प्रयोज्य भण्डार और सामग्री का निस्तारण			
1	फालतू और निष्प्रयोज्य भण्डार का विक्रय स्वीकृत करना(अभियन्त्रण विभागों को छोड़कर)	पूर्ण अधिकारी	रू0 500000.00 से अनधिक मूल मूल्य (Basic Price) तक। (इस प्रतिबंध के साथ कि फालतू भण्डार का विक्रय 20 प्रतिशत से अधिक ह्रासित मूल्य पर न किया जाय परन्तु ऐसी सामग्री जो पूर्णतः नष्ट या किसी स्वरूप में पुनः प्रयोग नहीं की जा सकती हो, उसके ह्रासित मूल्य को शून्य समझा जाय। निष्प्रयोज्य समिति के अनुमोदन उपरान्त किन्तु जब भण्डार किसी प्राविधिक व औद्योगिक विद्यालय को हो तो विक्रय के लिए परामर्शदात्री समिति की स्वीकृति आवश्यक होगी)
हानियों को बट्टे खाते डालना			
1	किसी भी प्रकार के ऐसे फालतू और निष्प्रयोज्य भण्डार, जो खराब हो गया हो या जिसे विक्रय करना आवश्यक समझा जाय, के विक्रय के फलस्वरूप होने वाली हानि को बट्टे खाते डालना, स्वीकृत करना	प्रत्येक मद में रू0 20000.00 से की सीमा तक बशर्ते मदों के समूह का कुल मूल्य एक वर्ष में कुल रू0 50000.00 से अधिक न हो।	प्रत्येक मामले में रू0 2000.00 तक निम्नलिखित शर्तो के अधीन क–खराब होने अथवा फालतू होने के कारणों का पूर्ण रूप से उल्लेख करते हुए विहित प्रपत्र में एक रिपोर्ट (जो कि मृत पशु–पक्षी के संबंध में उतनी ही आवश्यक है) स्वीकृति के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष को भेजा जाय। ख– प्रश्नगत भण्डारों को उस समय तक पुस्तकों से काटा नहीं जायेगा जब तक कि वस्तुतः विक्रय न हो जाय अथवा जीर्ण–शीर्ण हुये या निष्प्रयोज्य उपकरण और औजार लोहे के टुकड़े के रूप में टूट न जाय।

2.3 अपर निदेशक कार्यालय के कर्तव्य का विवरण

पदनाम	कर्तव्य
अपर निदेशक, कुमायूं मण्डल, नैनीताल	पूर्व से चली आ रही मण्डलीय व्यवस्था के अन्तर्गत अपने –अपने मण्डलों के अन्तर्गत आने वाले जनपदों के मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों के ऊपर आवश्यक प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण रखना। विभागीय कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण, निरीक्षण करना एवं प्रतिनिधायित अधिकारों के अन्तर्गत अधीनस्थ कार्यालय हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां प्रदान करना तथा मण्डल स्तर पर आयुक्त को विभागीय कार्यक्रमों की आवश्यक जानकारी एवं बैठकों आदि में विभागीय प्रतिनिधित्व करना।

मैनुअल–3

विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया जिसमें पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित हैं

मैनुअल–3

विषय सूची

क.सं	विवरण
3.1	विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया जिसमें पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित हैं
3.2	पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड
3.3	पशुपालन विभाग के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति हेतु उत्तरदायित्व का निर्धारण–
3.4	पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड राज्य के कार्यकलापों का विवरण

3.1 विनिश्चय करने की प्रकिया में पालन की जाने वाली प्रकिया जिसमें पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व निम्न है–

मण्डल स्तर में योजनाओं/कार्यो पर नियंत्रण/ अनुश्रवण	अपर निदेशक, मण्डल
जनपद स्तर पर	मुख्य पशु चिकित्साधिकारी
विकास खण्ड स्तर पर	पशु चिकित्साधिकारी,ग्रेड–1
ग्राम पंचायत स्तर पर	पशुधन प्रसार अधिकारी

3.2 पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड

महत्वपूर्ण विकास योजनाओं तथा कार्यक्रमों का समयबद्व कियान्वयन प्रदेश के विकास व लोक प्रशासन की दक्षता बढ़ाने की दिशा में अत्यन्त आवश्यक है। इसी क्रम में शासन ने समयक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया है कि विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों/योजनाओं को चिन्हित कर इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों/योजनाआं के सम्बन्ध मे वार्षिक लक्ष्य/वैच मार्कस तय करके इनकी प्राप्ति के लिए शासन में विभागाध्यक्ष कार्यालय में और फील्ड में जिला स्तर से लेकर छोटी इकाई तक अधिकारी/कर्मचारी का स्पष्ट उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाय। ताकि समय से निर्धारित लक्ष्य/वैच मार्कस प्राप्त नहीं किये जाने पर उनके विरूद्व दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

पशुधन विकास का मुख्य उद्देश्य पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुओं के सम्भावित रोगों के बचाव हेतु टीकाकरण, रोगग्रस्त पशुओं की सामयिक चिकित्सा उपलब्ध कराना, दुग्ध, अण्डा, मांस एवं ऊन के उत्पादन में वृद्वि करना, कृ.ग.के माध्यम से स्वेदशी नस्लों को सुधार, स्वदेशी प्रजातियों का संरक्षण एवं संवर्धन, विदेशी नस्ल की प्रजातियों का प्रसार तथा उन्नतशील प्रजनन की सुविधायें उपलब्ध कराने एवं पशुपालकों के द्वार पर कृ0ग0की सुविधा उपलब्ध आदि कराना है। इसके अतिरिक्त रोजगार सृजन से सम्बन्धित कार्यक्रमों का विस्तार एवं ग्रामीण अंचलों में पिछड़ें, निर्बल वर्ग के सामयिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाने हेतु पशुधन विभाग द्वारा उर्पयुक्त लक्ष्य निर्धारण हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम कियान्वित किये जा रहें हैं –

1–प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में पशुधन की उत्पादन क्षमता में वृद्धि लाने हेतु प्रादेशिक प्रजनन की नीति निर्धारित की गई है। इसके अन्तर्गत विदेशी डेरी प्रजातियों के साथ गैर प्रजातीय गौ पशुओं को संकरण कराना, उत्तराखण्ड क्षेत्र में जर्सी प्रजाति तथा अन्य क्षेत्रों में फ्रीजियन प्रजाति से संकरण करना, गौ एवं महिष वंशीय स्वदेशी प्रजातियों का अनुवांशिक सुधार करने से सम्बन्धित नीति अपनाई जा रही है।

2–पशुचिकित्सा एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय, पशु प्रजनन की सुविधा, पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन, हरा चारा उत्पादन में वृद्धि, लघु पशुओं के विकास कार्यक्रमों के माध्यम से पशु उत्पादों में वृद्धि लाने हेतु तथा ग्रामीण अंचल के कमजोर वर्ग को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न योजनाएं कियान्वित की जा रही है।

3– प्रदेश में लघु एवं सीमांत कृषकों के आश्रित बेरोजगार युवक, युवतियों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं उनके आर्थिक उन्नयन हेतु ब्रायलर काम्पलैक्सों की स्थापना पर बल दिया गया है। प्रदेश के समस्त राजकीय पशुधन को लाभकारी बनाने तथा आधुनिक संशाधनों एवं नवीनतम तकनीक से सुसज्जित करने के उद्येश्य से प्रदेश में उत्तराखण्ड लाइव स्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड की स्थापना की जा चुकी है।

4–पशुधन विकास में पौष्टिक चारे की विकास हेतु वायोमास उत्पादन, प्रमाणित चारा बीज उत्पादन, चारा बीज मिनीकिट्स के वितरण तथा कृषि योग्य भूमि पर सिलवी, पाश्चर विकसित करने पर बल दिया गया है।

5–भेड़ एवं ऊन विकास कार्यक्रम में गुणात्मक सुधार लाने हेतु उत्तराखण्ड शीप एवं वूल डेवलपमेन्ट बोर्ड के शत प्रतिशत सहयोग से एकीकृत उन विकास परियोजना प्रारम्भ की गई है। प्रदेश पर्वतीय क्षेत्र में बकरी, कुक्कुट, सूकर, अंगोरा शशक के विकास हेतु विभिन्न रोजगार योजनाएं कार्यान्वित करने पर बल दिया जा रहा है।

6–पशुधन विकास में विश्व बैंक की सहायता से यू0पी0डी0ए0एस0पी0 का कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्वरोजगार हेतु पैरावेटस कार्यक्रम लिया गया है जिसमें पशुधन विकास की विभिन्न सेवायें शिक्षित ग्रामीण बेरोजगार युवको द्वारा पशुपालकों के द्वार पर उपलब्ध कराई जानी है।

7–9वीं पंचवर्षीय योजनाकाल में गौ–शालाओं के विस्तार एवं सुदृढीकरण एवं प्रभावशाली रूप से स्वदेशी प्रजाति के गौ–वंश संरक्षण एवं सवंर्धन पर विशेष बल दिया गया है। इसके अतिरिक्त अम्बेडकर विशेष रोजगार योजनान्तर्गत उपरोक्त इकाईयां स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवको को स्वरोजगार के अवसर सुलभ कराने एवं उनके आर्थिक उन्नयन का प्रयास किया जा रहा है।

3.3 पशुपालन विभाग के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति हेतु उत्तरदायित्व का निर्धारण–

कार्यअधिकारी **अपर निदेशक, मण्डल**

कार्यक्रम का नाम–

1–कृत्रिम गर्भाधान–मण्डल के अन्तर्गत आने वाले समस्त जनपदों में कार्यान्वित किये जा रहें हैं, कार्यक्रमों के लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति प्राप्त करने हेतु अनुश्रवण/नियंत्रण एवं जनपदों हेतु आवश्यक निवेशों की सामयिक आपूर्ति कराना जनपद स्तर पर आने वाली कठिनाईयों का त्वरित निराकरण करना, जनपद स्तर पर समन्वय रखना एवं विभिन्न जनपदों का निरीक्षण करना।

2–उत्पन्न संतति– मण्डल के अन्तर्गत आने वाले समस्त जनपदों में कार्यान्वित किये जा रहें हैं, कार्यक्रमों के लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति प्राप्त करने हेतु अनुश्रवण/नियंत्रण एवं जनपदों हेतु आवश्यक निवेशों की सामयिक आपूर्ति कराना जनपद स्तर पर आने वाली कठिनाईयों का त्वरित निराकरण करना,जनपद स्तर पर समन्वय रखना एवं विभिन्न जनपदों का निरीक्षण करना।

3–टीकारण–क्षेत्र के सभी पशुओं को रोगनिरोधक टीके लगवाना।

4–पशु चिकित्सा –पशु चिकित्सा हेतु जनपद स्तर पर पशु चिकित्सालय एवं पशु सेवा केन्द्र स्थापित किये गये जहां पर पशुपालकों को उनके बीमार पशुओं की समुचित चिकित्सा सुलभ कराई जाती है।

5–बधिकरण–निकृष्ट सांडो का बधियाकरण कार्य।

6–भेड़ों को सामूहिक दवापान–मण्डल के अन्तर्गत कार्यरत संस्थाओं हेतु सामयिक आवश्यक निवेशों की आपूर्ति, अनुश्रवण, मूल्यांकन तथा जनपद स्तर में समन्वय बनाये रखने एवं कठिनाईयों का निराकरण करवाना।

7–भेड़ बकरियों एवं सुकरियों में गर्भाधान–भेड़ बकरियों एवं सुकर पालकों को विभागीय प्रक्षेत्रों से उन्नत नस्ल के मेढ़े आदि उपलब्ध कराये जाते हैं तांकि क्षेत्र में अच्छे नस्ल के भेड़ बकरियां उत्पन्न हो सके जिससे पशुपालकों के आर्थिक स्थिति में भी सुधार आयेगा।

8–विभिन्न वैक्सीनों का उत्पादन–उत्पादन, बैक्सीन के उपयोग का उत्तरदायित्व होगा।

9–तरल नत्रजन संयत्रों से तरल नत्रजन उत्पादन–यू0एल0डी0बी0, लालकुंआ द्वारा मण्डल के अन्तर्गत तरल नत्रजन संयत्रों के संचालन हेतु आवश्यक सहयोग/मार्गदर्शन एवं अनुश्रवण तथा नाईट्रोजन के वितरण की व्यवस्था/संस्थाओं से समन्वय रखना।

10–अतिहिमीकृत वीर्य का उत्पादन कार्यक्रम– मण्डल में कार्यरत अतिहिमीकृत वीर्य का उत्पादन के संचालन हेतु आवश्यक सहयोग/मार्गदर्शन एवं उत्पादन में आने वाली समस्याओं का निराकरण/समन्वय रखना ।

11–अम्बेडकर स्वरोजगार योजना–कार्यरत योजनाओं का निरीक्षण ।

12–कुक्कुट विकास–

अ–कुक्कुट वितरण–मण्डल में इच्छुक कुक्कुट पालकों तथा कार्यरत पशुधन प्रसार अधिकारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु तथा अन्य संस्थाओं पर समन्वय बनाये रखने का पूर्ण उत्तरदायित्व ।

ब–राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र पर चूजा उत्पादन एवं वितरण–लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति हेतु प्रक्षेत्र/क्षेत्रों का अनुश्रवण/निरीक्षण/मार्गदर्शन एवं आनी वाली कठिनाईयों का निराकरण एवं जिला स्तर पर समन्वय बनाये रखना । इसके अतिरिक्त मण्डल में कार्यरत कुक्कुट काम्पलेक्सेज को सुचारू रूप से क्रियाशील बनाये रखना एवं विभिन्न स्तरों पर समन्वय रखना 13–राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों में चारा–मण्डल में कार्यरत प्रक्षेत्रों

पर चारा उत्पादन के लक्ष्यों के शतप्रतिशत पूर्ति हेतु प्रयास करना तथा प्रक्षेत्रों का अनुश्रवण/निरीक्षण एवं दिशा निर्देश, आने वाली कठिनाईयों का निराकरण एवं उत्पादित चारा बीजों का वितरण करवाना ।

14–चारा विकास कार्यक्रम–

अ–चारा विकास कार्यक्रम का सघनीकरण एवं सघन पशु विकास योजना – मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को सामयिक निवेशों को उपलब्ध कराना तथा कार्यो का अनुश्रवण, निरीक्षण, मार्गदर्शन देना तथा नई योजनाओं पर आख्या देना ।

ब–अपौष्टिक चारे एवं सैल्युलौजिक वेस्टस को उपचारित कर पौष्टिक बनाना–योजना का सत्यापन एवं तकनीकी मार्गदर्शन देना ।

स–बायोमास उत्पादन में वृद्वि हेतु सिल्वी –पाश्चर की येाजना–योजना का सत्यापन एवं तकनीकी मार्गदर्शन देना ।

द–चारा मिनिकिट एवं प्रदर्शन –प्राप्त मिनिकिटों को मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को उपलब्ध कराना।

3.4 पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड राज्य द्वारा किये जाने वाले कार्यकलापों का विवरण निम्न प्रकार है–

1–पशु चिकित्सा एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम
2–पशु विकास कार्यक्रम
3–कुक्कुट विकास कार्यक्रम
4–भेड़ एवं ऊन विकास कार्यक्रम
5–अंगोरा बकरी विकास
7–सूकर विकास
8–चारा विकास कार्यक्रम
9–शिक्षण ऊन प्रशिक्षण कार्यक्रम

0 पशु चिकित्सा एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम–पशुओं के उत्पादन क्षमता का समुचित लाभ प्राप्त करने के लिए पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं रोग नियंत्रण हेतु विभिन्न सुविधायें कराने के उददे्श्य से मण्डल के अन्तर्गत जनपद नैनीताल/उधमसिंहनगरअल्मोड़ा/बागेश्वर/पिथौरागढ़/चम्पावत में क्रमशः 28.22.37,10,31,13 कुल 141 पशु चिकित्सालय कार्यरत हैं। विभिन्न रोगों की जांच एवं उनके तत्काल निदान हेतु एक मण्डलीय प्रयोगशाला हवालबाग जनपद अल्मोड़ा एवं रोग निदान प्रयोगशाला, रूद्रपुर जनपद उधमसिंहनगर में कार्यरत है । यह पशु संक्रामक रोगों के नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

0 पशु विकास कार्यक्रम–पशु विकास कार्यक्रम का मूल उद्देश्य मण्डल में गायों एवं भैंसों की नस्ल सुधार कर उनकी उत्पादकता एवं उत्पादन क्षमता में वृद्वि करना है ।

0 कुक्कुट विकास–अण्डा एवं कुक्कुट मांस की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने हेतु मण्डल स्तर पर स्थापित तीन कुक्कुट प्रक्षेत्र क्रमशः–हवालबाग(अल्मोडा), विण (पिथौरागढ़) एवं रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) के माध्यम से कुक्कुट पालकों जो गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवन यापन कर रहें हैं, आर्थिक दशा सुधारने हेतु कुक्कुट पक्षी सस्ते मूल्य पर वितरित किये जाते हैं तथा कुक्कुट विकास कार्यक्रम अन्तर्गत कुक्कुट पालन व्यवसाय अपनाने हेतु मण्डल के अन्तर्गत स्थापित दो सघन कुक्कुट विकास प्रायोजनायें जनपद अल्मोड़ा एवं पिथौरागढ़ के माध्यम से कुक्कुट पालकों को प्रशिक्षित कराया जाता है ।

0 भेड़ ऊन विकास–मण्डल में उपलब्ध स्थानीय भेड़ों की नस्ल सुधार एवं ऊन उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से चार भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र एवं 30 भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्र कार्यरत हैं जिनके माध्यम से भेड़ पालकों को भेड़ों को प्रजनन सुविधायें उपलब्ध कराई जाती हैं ।

0 अंगोरा शशक पालन–पर्वतीय क्षेत्र के 4500–5000 फीट की ऊंचाई वाले स्थनों में अंगोरा शशक पालन को बढ़ावा देने हेतु मण्डल में जनपद चम्पावत में अंगोरा शशक प्रजनन प्रक्षेत्र स्थापित है। जिनके माध्यम से इच्छुक उद्यामियों को शशक पालन में प्रशिक्षित करवाकर शशक शावक उपलब्ध कराये जाते हैं ।

0 चारा विकास कार्यक्रम–पर्वतीय क्षेत्र में कृषि योग्य सिंचित भूमि पर पशुओं के पोषण हेतु पौष्टिक आहार उत्पादन के लिए उन्नत चारा बीजों को कृषकों में वितरित किया जाता है ।

0 शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम–पशुपालन सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन के लिए शिक्षित/अशिक्षित युवक एवं युवतियों को दुग्ध उत्पादन, कुक्कुट पालन, भेड़ पालन आदि के लिए पशुलोक प्रक्षेत्र में प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गई है ।

सेवा का नाम	सेवाओं का विवरण	सेवा हेतु किससे सम्पर्क करना है	सर्विस चार्ज यदि कोई हो
प्राथमिक पशु चिकित्सा/आपत कालीन पशु चिकित्सा सेवा	ग्राम सभा/न्याय पंचायत स्तर पर पशु सेवा केन्द्र,विकास खण्ड एवं तहसील स्तर पर पशु चिकित्सालयों के माध्यम से	प0प्र0अ0/ प0चि0अ0	पशु सेवा केन्द्र/प.चि. पर बड़े पशु प्रति 10 रूपया,छोटे पशु प्रति 5 रूपया, कुत्ता, बिल्ली (शहरी क्षेत्र) प्रति 40.00, (ग्रामीण क्षेत्र) 10 रूपया तथा प्रति कुक्कुट निःशुल्क
बधियाकरण	ग्राम सभा/न्याय पंचायत स्तर पर पशु सेवा केन्द्र,विकास खण्ड एवं तहसील स्तर पर पशु चिकित्सालयों के माध्यम से अनुपयोगी पशुओं को बधियाकरण किया जाता है	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी/ पैरावैट	बड़े पशु संस्था पर रूपया 15.00,पशुपालकों के द्वार पर 25.00, छोटे पशु संस्था पर 10.00, पशुपालको के द्वार पर 15.00 प्रति
टीकाकरण	ग्राम सभा/न्याय पंचायत स्तर पर पशु सेवा केन्द्र,विकास खण्ड एवं तहसील स्तर पर पशु चिकित्सालयों एवं शिविर स्थल पर टीकाकरण किया जाता है	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी/ पैरावैट	एच.एस.,वी.क्यू.,रूपया 1.00, एफ.एम.डी.मूल्य रूपया 2.00, एण्टेरोटाक्सिमियां 1.00, स्वाईन फीवर 2.00, फाउल पाक्स 1.00, पी.पी.आर. मूल्य रू0 1.00, आर0पी0 1.00, शीपपाक्स 1.00
कृत्रिम गर्भाधान	ग्राम सभा/न्याय पंचायत स्तर पर पशु सेवा केन्द्र,विकास खण्ड एवं तहसील स्तर पर पशु चिकित्सालयों, प्रशिक्षित पैरावैट एवं शिविर आयोजित स्थल पर कृ.ग.सेवा	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी/ पैरावैट	60.00 रूपया प्रति स्ट्रा प्रति कृ.ग. (केन्द्र पर) पशुपालकों के द्वार पर 100.00 रूपया प्रति स्ट्रा प्रति कृ.ग. लिंग निर्धारित डी0एफ0एस0 हेतु प्रति स्ट्रा रू0 677.50 (चयनित जनपदों में)
जांच सेवायें	रक्त, मल, मूत्र जांच	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी	रक्त 10.00 मल 5.00 मूत्र 5.00
स्वास्थ्य परीक्षण	बड़े तथा छोटे पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण पशु बीमा तथा योजनान्तर्गत प्रमाण पत्र जारी करना	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी/ पैरावैट	बड़े पशु 50.00 छोटे पशु 20.00
शवविच्छेदन	बीमित पशुओं तथा पशुपालकों की मांग पर पशुओ का शवविच्छेदन प्रमाण पत्र जारी करना	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी	बड़े पशु 100.00 छोटे पशु 20.00
चारा बीज वितरण	मौसमी चारा बीजों का वितरण	पशुधन प्रसारअधिकारी पशुचिकित्साधिकारी/ पैरावैट	निःशुल्क
कृमिनाशक दवापान एवं दवास्नान	भेड़ों में आन्तरिक एवं बाहय पारजीवियों से बचाव हेतु दवापान एवं दवास्नान	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी	दवापान रू0 100 प्रति 100 भेड़/बकरी दवास्नान रू0 50 प्रति 100 भेड/बकरी
बड़े पशुओं मे दवापान	आन्तरिक पारजीवी से बचाव हेतु बड़े पशुओं में दवापान	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी	रू0 10.00 प्रति पशु
दुग्ध समिति के मार्गो पर पशुपालन संबंधी सूचनाऐ	दुग्ध समिति के सदस्यो को प्राथमिक उपचार के तथा द्वार पर पशुपालन सुविधा उपलब्ध कराना	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी	प्राथमिक किट निःशुल्क अन्य सुविधा विभागीय नियमानुसार
अनु0जाति/जनजाति योजनान्तर्गत दुधारू पशुओ तथा बैक्यार्ड कु0 पालन योजना	अनु0जाति/जनजाति के लाभार्थियो को स्वरोजगार हेतु दुधारू पशु तथा कायलर कु0 पक्षी उपलब्ध कराना	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी	योजना के प्राविधानो के अनुसार
बॉझपन निवारण शिविर/गोष्ठी	सुदूरवर्ती क्षेत्रो मे पशुपालन संबंधी सुविधाए तथा प्रचार प्रसार करना	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी	विभागीय नियमानुसार
पशुप्रदर्शनी	पशुपालन के प्रति जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धा की भावना जागरूक करने हेतु पशुप्रदर्शनी का आयेाजन	पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी	निःशुल्क

मैनुअल–4

कृत्यो के निर्वहन के लिए स्थापित मानक / नियम

The norms set by its for discharged its function

मैनुअल – 4

विषय सूची

क0स0	विवरण
4.1	पशुपालन विभाग,कृत्यो के निर्वहन के लिए स्थापित मानक/नियम
4.2	विभागीय विकास कार्यक्रमो की भौतिक प्रगति वर्ष 2010–11
4.3	उत्तरॉचल लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड स्थापित मानक/नियम
4.4	रियासतो,अनुज्ञापत्रो तथा प्राधिकारो के प्राप्तकर्ताओ के संबंध मे विवरण

4.1 कृत्यो के निर्वहन के लिए स्थापित मानक/नियम –

परियोजना को कार्यान्वित करते समय–समय पर विभागीय मानको के अनुरूप समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश जारी किये जाते है –

1.प्रति मेढा गर्भाधान – 50 भेड़

2.उत्पन्न संतति – 60 प्रतिशत

3.मृत्यु दर – 10 प्रतिशत वयस्क, वत्सों मे 12 प्रतिशत

4.ऊन उत्पादन – प्रतिवर्ष प्रतिभेड 1.500 किग्रा से 2.00 किग्रा तक

5.अन्य – लक्ष्यानुसार प्रगति समीक्षा की जाती है । मण्डल मे स्वीकृत राजकीय मेढा/भेड एवं उन प्रसार केन्द्रो का वार्षिक प्रगति के आधार पर श्रेणीकरण किया जाता है ।

4.2 विभागीय विकास कार्यक्रमों की लक्ष्य के सापेक्ष भौतिक प्रगति
वर्ष 2018–19

क्र0 सं0	विवरण	लक्ष्य	पूर्ति
1.	पशुओं की चिकित्सा	2145000	2298345
2.	पशुओं का बधियाकरण	80000	83162
3.	पशुओं का टीकाकरण	2450000	2925735
4.	कुक्कुट पक्षी वितरण	2157000	2427107
5.	बड़े पशुओ का दवापान	100000	170716
6.	भेड़ो में दवास्नान	230000	168918
7.	पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान (गाय/भैंस)	225750	167272
8	कृ0ग0से उत्पन्न संतति (गाय/भैंस)	5850	6827
9	भेड़ो मे दवापान	230000	205000
10	चारा बीज वितरण,कु0में	–	401.71 कु0
11	जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड धारचूला एवं मुनस्यारी के पशुपालकों की आजीविका उत्थान योजना की भौतिक प्रगति		
	1. गाय पालन इकाई	10	10
	2. रैम यूनिट	–	–
	3. खच्चर पालन इकाई	10	10
	4. बकरा सांड वितरण	4	4
	5. बकरी पालन इकाई	4	4
	6. भेड़ पालन इकाई	6	6

4.3 उत्तराखण्ड लाइवस्टॉक डेवलपमेन्ट बोर्ड स्थापित मानक/नियम

लोक प्राधिकरण द्वारा अपने विभिन्न क्रियाकलापो/कार्यक्रमो के संपादन हेतु प्रयोग किये जाने वाले मानक/नियमो का कार्यक्रमवार विवरण ।

नैसर्गिक अभिजनन हेतु सॉड वितरण के मापदण्ड

गाय सॉडो हेतु मानक–

. नस्ल – जर्सी, जर्सी क्रॉस, एच0एफ0, एच0एफ0क्रास, रेड सिन्धी
. स्वास्थ्य – उत्तम
. नर जननेद्रिंय – विकसित

भैंस सॉड हेतु मानक :

. नस्ल – मुर्रा
. स्वास्थ्य – उत्तम
. नर जननेद्रिंय – विकसित

तरल नत्रजन एवं अतिहिमीकृत वीर्य के वितरण का मापदण्ड–

. प्रत्येक माह मे निश्चित अंतराल पर निरंतर कृ0ग0 केन्द्रो पर यू0एल0डी0बी0 के वितरण कर्ता द्वारा मांग के अनुसार चालान द्वारा संबंधित केन्द्र प्रभारी को अतिहिमीकृत वीर्य,तरल नत्रजन,शीथ व स्टेशनरी आदि के आपूर्ति सुनिश्चित, जिसका वितरण यू0एल0डी0बी0 द्वारा प्रदत्त पंजिकाओ मे अंकित करना अनिवार्य है ।

. प्रत्येक माह मे अधिकतम 35 लीटर तक तरल नत्रजन की आपूर्ति एक कृ0ग0 केन्द्र/उपकेन्द्र हेतु निश्चित ।

अतिहिमीकृत वीर्य स्ट्रा की आपूर्ति न्यूनतम 80 की पैकिंग में ।

कृत्रिम गर्भाधान हेतु मापदण्ड–

. पशु के गर्मी मे आने की सूचना प्राप्त होने पर पशुपालक के द्वार पर कृ0ग0 कार्य होगा ।पशु को केन्द्र पर लाने की बाध्यता नही ।

. प्रत्येक राजकीय कृ0ग0 केन्द्र पर सेवा शुल्क रूपया 60.00 मात्र लेकर पशुपालक को रसीद देना अनिवार्य ।

. प्रत्येक कृ0ग0 केन्द्र हेतु एक ही स्ट्रा का प्रयोग निर्धारित ।प्रत्येक अतिरिक्त स्ट्रा के उपयोग पर रूपया 60.00 मात्र का शुल्क जमा करना अनिवार्य ।प्राप्त शुल्क को उसी दिन कैश बुक मे अंकित करना अनिवार्य ।

. निर्धारित किये गये लक्ष्य के अनुसार कृ0ग0 कार्य किया जाना अपरिहार्य ।

. अधिकतम क्षतिग्रस्त स्ट्रा की सीमा वर्ष मे कुल आपूर्ति का 3 प्रतिशत तक ही मान्य अधिक क्षतिग्रस्त की स्थिति मे प्रति स्ट्रा रूपया 60.00 मात्र का भुगतान अनिवार्य ।

4.4 रियासतो,अनुज्ञापत्रो तथा प्राधिकारो के प्राप्तकर्ताओ के सम्बन्ध मे विवरण–

मण्डलीय प्रयोगशालाओं की प्रगति वर्ष 2018–19

क्र0 सं0	मद	म0प्र0हवालबाग	कु0रो0नि0प्र0 रूद्रपुर
1.	कुल परीक्षण नमूनों की संख्या	2296	8758
2.	थनैला हेतु पशु का निरीक्षण	138	106
3.	त्वचा खुरचन	162	1538
4.	मल मूत्र परीक्षण	204	218
5.	रक्त परीक्षण	320	827
6.	फीकल सैम्पल परीक्षण	539	5173
7	शोध प्रयोगशाला को भेजे गये नमूने	760	1111

मैनुअल – 5

शासनादेशों का संग्रह

- मैनुअल 5 के अंतर्गत विभागीय शासनादेशों का संकलन किया गया है, जिन्हें पृथक से संग्रहित किया गया है।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा–4

17 मैनुअलों का संग्रह

भाग–3

मैनुअल संख्या 6,7,8

उत्तराखण्ड शासन

अपर निदेशक,

पशुपालन विभाग, नैनीताल।

भाग – 3

हस्तपुस्तिका की सामग्री

क्र0सं0	विवरण
1	मैनुअल–6 ऐसी दस्तावेजो के जो उसके द्वारा धारित या उसके नियंत्रणाधीन है, प्रवर्गो का विवरण
2	मैनुअल–7 किसी व्यवस्था की विशिष्टियॉ जो उसकी नीति की संरचना या उसके कार्यन्व्यन के संबंध मे जनता के सदस्यो से परामर्श के लिए या उनके द्वारा अभ्यावेदन के लिए विद्यमान है
3	मैनुअल–8 ऐसे बोर्डो, परिषदो, समितियो और अन्य निकायो के विवरण जिनमे दो या अधिक व्यक्ति है जिनका उसके भाग रूप या इस बारे मे सलाह देने के प्रायोजन के लिए गठन किया गया है कि क्या उन बोर्डो, परिषदो, समितियो और अन्य निकायों की बैठक जनता के लिए खुली होगी या ऐसी बैठक के कार्यवृत्त तक जनता की पहुॅच होगी ।

मैनुअल – 6

दस्तावेजों जो लोक प्राधिकारी द्वारा धारित या उसके नियंत्रणाधीन है, प्रवर्गो के अनुसार विवरण

A statement of the categories of documents that are held by it or under its control

मैनुअल – 6

विषय सूची

क0सं0	दस्तावेज
6.1	अपर निदेशक स्तर पर रखे जाने वाले दस्तावेज
6.2	अपर निदेशालय कार्यालय मे रखे जाने वाले अभिलेख
6.3	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी कार्यालय स्तर के दस्तावेज
6.4	जनपद स्तर पशुचिकित्सालय/पशुसेवा केन्द्र स्तर के दस्तावेज
6.5	पशुधन प्रसार अधिकारियो के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्वों का विवरण
6.6	निरीक्षणालय द्वारा संस्तुत सामान्य अभिलेखों का वीडिंग हेतु निर्धारित समय/अवधि

6.1 अपर निदेशक स्तर पर रखे जाने वाले दस्तावेज

क्र0सं0	प्रवर्ग	दस्तावेज का नाम/परिचय
1	लेखा	1.बजट आवंटन संबधी पत्रावली 2.बजट अनुमान 3.बचत एवं व्ययाधिक्य 4.शासनादेश एवं सर्कुलर 5.भौतिक सत्यापन 6.विभागीय आडिट 7.महालेखाकार आडिट 8.विविध पत्रो की पत्रावली 9.बजट पंजिका पत्रावली 10.कन्टिजेन्ट बिल रजिस्टर नॉन प्लान 11.कन्टिजेन्ट रजिस्टर प्लान 12.टी0एस0चैक रजिस्टर 13.टी0ए0बिल रजिस्टर 14.यात्रा स्वीकृत रजिस्टर 15.यात्रा भत्ता पत्रावली 16.शासनादेश की पत्रावली
